## Appendix C

## The Original Test Booklet

### निर्देश

इस परीक्षण में आपको अलग-अलग प्रकार के प्रश्न मिलेंगे। इन प्रश्नों का आपकी पढ़ाई या परीक्षा से कोई सम्बन्ध नहीं है। और न ही इनमें अनुत्तीर्ण होने की सम्भावना ही है।

जब आप पहला भाग समाप्त कर चुकें तो रुक जायें। जब तक आपसे कहा न जाय तब तक आप अगला भाग आरम्भ न करें। प्रत्येक भाग का समय समाप्त होने पर लिखना बन्द कर दें और उस भाग के उत्तर वाले पृष्ठों को एक ओर रख दें।

नकल करने की चेष्टा न करें बल्कि ऐसा उत्तर दें जैसा कि कोई अन्य न दे सके।

छपी हुई पुस्तिका पर कुछ न लिखें। परीक्षण के समस्त भाग समाप्त होने पर छपी हुई पुस्तिका और उत्तर परीक्षक को लौटा दें। यदि आपकी समझ में कोई बात न आये तो अपने स्थान पर खड़े होकर निरीक्षक से पूछ लें।

आपके उत्तर पूर्ण रूप से गुप्त रखे जायेंगे। आपके मन में जो भी उत्तर आये उसे निःसंकोच होकर लिखें।

हर नये पृष्ठ पर अपना नाम और रोल नं० लिख दें।

---ooo---

नाम------------------------------रौल नं०----------------------

आयु------------------------------बालक।बालिका--------------------

कक्षा---------------------------विभाग---------------------------

विद्यालय--------------------------------------------------------

## (१) वाक्य-पूर्ति-परीक्षण

निर्देश:

इस परीक्षण में कुछ अपूर्ण वाक्यों को पूर्ण करना है। इनकी पूर्ति विभिन्न प्रकार से की जा सकती है। इन वाक्यों की पूर्ति आप जितने भी भिन्न प्रकार से कर सकते है, कीजिये। परन्तु प्रयत्न कीजिये कि प्रत्येक पूर्ति से बनने वाले विभिन्न वाक्यों का अर्थ अलग अलग हो। वाक्यपूर्ति के लिए एक से अधिक शब्दों का भी प्रयोग किया जा सकता है। वाक्य किस प्रकार पूर्ण करने हैं, यह नीचे दिये हुए उदाहरणों से स्पष्ट हो जायगा :

उदाहरण:

१- आजकल-------------------------गया है।

१- आजकल उसका दिमाग आसमान पर चढ़ गया है।

२- आजकल बाजार का भाव बहुत ही बढ़ गया है।

३- आजकल सुनील शिमला छुट्टियां बिताने गया है।

४- आजकल बच्चों की इच्छा के विरूध्द कोई काम करना कठिन हो गया है।

२- मैं-----------------------और-----------------हैं।

१- मैं छठी कक्षा में पढ़ती हूं और रमा आठवीं कक्षा में पढ़ती है।

२- मैं आपसे सहमत हूं और आपकी हर बात मुझे स्वीकार है।

३- मैं हमेशा के लिये जा रहा हूं और वापस आ पाऊं, ऐसी आशा नहीं है।

λ बैठी | है

४- मैं समुद्र के किनारे बैठी, खो सी गई और होश आने पर देखा कि हवा सांय सांय कर रही है।

ऊपर दिये हुये उदाहरणों में वाक्यों की पूर्ति कई प्रकार से की गई है। प्रत्येक पूर्ण वाक्य को क्रम संख्या देकर नीचे लिखा गया है। इन वाक्यों के अर्थ अलग-अलग हैं। इसी प्रकार के अपूर्ण वाक्य अगले कुछ पृष्ठों पर दिये गये हैं। आप जितने भी अलग अलग तरीकों से उनकी पूर्ति कर सकते हैं, कीजिये।

१- मृत्यु------------------------------है।

२- मेरा--------------------------सुहाता।

३- थोड़ी--------------------------करना।

४- समाज-----------------------------दिखलाया।

५- शिकारी---------------------------है।

गया /

६- अत्याचार---------------------नहीं-------------था।

७- राजा---------------------में-------------------था।

८- अभी------------------टूटे----------------सूझती।

९- वह-------------------पीछे पीछे------------करता।

१०- बेटे-----------------------बाप--------------ली।

## (२) उपयोगिता परीक्षण

निर्देश:-

नीचे कुछ साधारण-सी वस्तुयें दी गई है। ये कई तरह से प्रयोग में लाई जा सकती है। इनमें से हर एक वस्तु को कितने भिन्न-भिन्न प्रकार से प्रयोग में लाया जा सकता है, लिखिये। नीचे दिये गये उदाहरण से स्पष्ट हो जायगा कि आपको क्या करना है :-

उदाहरण:-

लाठी

१- पीटने के काम में लाई जा सकती है।

२- जमीन में गाड़ के रस्सी बांधी जा सकती है।

३- दूर की चीज पास खिसकाई जा सकती है।

४- जलाने के काम में लाई जा सकती है।

५- बीमार या कमजोर व्यक्ति के लिये सहारे का काम कर सकती है।

६- पर्दा लटकाने के काम में लाई जा सकती हैं।

७- सिर पर कपड़ा बांध कर दीवारों की सफाई की जा सकती है।

८- पोटली या बहंगी उठाने के काम में लाई जा सकती है।

नीचे कुछ वस्तुओं के नाम दिये गये है इन वस्तुओं के विभिन्न प्रयोग भी उक्त प्रकार से लिखिये:-

वस्तुएं:

१- छाता

२- ताला

३- मटका

४- सुई

५- कुर्सी

६- पुस्तक

७- बांस

८- मिट्टी

९- स्याही

१०- साबुन की टिकिया

## (३) कल्पना परीक्षण

निर्देश:-

नीचे कुछ विषय दिये हुए है। आपको इनमें से प्रत्येक विषय पर कुछ पंक्तियां या एक अनुच्छेद लिखना है। अनुच्छेद पैराग्राफ में ऐसे विचार प्रकट करने का प्रयत्न कीजिये जिन्हें कक्षा में कोई अन्य विद्यार्थी न कर सके। प्रयत्न करें कि आपके उत्तर में कल्पना की उड़ान हो।

विषय

१- घनी काली घटा

२- एक आकर्षक चित्र

३- तूफान

४- सौन्दर्य

५- चहचहाते पक्षी

६- निराशा

७- दिये की लौ

८- एक सुडौल मूर्ति

९- मृत्यु

१०- दूर से आता हुआ बांसुरी का स्वर

आप अपने ही लिखे इन परिच्छेदों को आप फिर पढ़ लीजिये और

क्रमानुसार लिखिये कि इनमें क्या क्या कमियां रह गई हैं अथवा इनमें क्या- क्या और लिखा जा सकता था ।

## (४) परिमाण परीक्षण

निर्देश:-

नीचे कुछ असामान्य दशायें दी हुई है । आप कल्पना कीजिये कि यह घटित हो सकती हैं । आपको इनके परिणाम, जितने भी अधिक से अधिक आप सोच सकते है, लिखने हैं । निम्न उदाहरण से यह स्पष्ट हो जायगा कि आपको क्या करना है :-

उदाहरण:-

यदि मनुष्य को नींद न आये तो क्या हो ।

परिणाम:-

१- अधिक काम हो सकेगा ।

२- लोरी गाने की जरूरत नहीं रहेगी ।

३- नींद की गोलियां नहीं खानी पड़ेगी ।

४- बिजली के बल्ब बड़ी संख्या में बनने शुरू हो जायेंगें ।

इसी प्रकार इस दशा के और भी कई परिणाम हो सकते हैं । नीचे दी गई दशाओं के जितने अधिक से अधिक परिणाम आप सोच सकते हैं, लिखिए ।

१- यदि मनुष्य धरती के बदले पानी में रहना शुरू कर दे ।

२- यदि विद्युत-धारा प्रत्येक वस्तु में होकर बहने लगे ।

३- यदि मनुष्य चिड़ियों की तरह उड़ सके ।

४- यदि हर जगह का पानी सूख जाय ।

५- यदि पृथ्वी और मंगल के लोग आपस में व्यापार करने लगें ।

६- यदि पृथ्वी पर वनस्पति ही न रहे ।

७- यदि मनुष्य की देखने की शक्ति समाप्त हो जाय ।

८- यदि पेड़ पौधे भी मनुष्य की तरह सोचने लग जायें।

९- यदि सारे विद्यालय बन्द हो जायें और सब पुस्तकें नष्ट हो जायें।

१०- यदि सूर्य एक दिन अस्त हो कर फिर कभी उदय न हो।

## (५) समस्यात्मक परीक्षण

निर्देश:-

नीचे कुछ समस्यात्मक स्थितियां दी गई है। आपको इनका हल सोचकर लिखना है। हर समस्या के बहुत से हल हैं, इसलिये आप जितने अधिक से अधिक हल सोच सकते है। उन सबको पृथक-पृथक पंक्ति में लिखिये।

समस्यायें:-

१- एक डाक्टर मरीज के घर से बहुत रात गये लौट रहे थे। रास्ते में उनकी गाड़ी खराब हो गई। यह देखने के लिये कि क्या खराबी है उन्होंने दियासलाई जलाई। हवा बहुत तेज चलने की वजह से तीली मशीन तक पहुंचने से पहले ही बुझ जाती थी। गाड़ी की हेड लाइट बिल्कुल ठीक काम कर रही थी। बताइये किन किन तरीकों से वह देख सकते है कि गाड़ी में क्या खराबी है।

२- एक शिकारी जंगल में हिरन को मारने की ताक में भागा तो ठोकर खाकर गिर गया और जब वह उठा तो देखा कि बायें पैर की हड्डी टूट चुकी थी। उसका साथी जीप में बैठा था और जीप काफी दूर पर खड़ी थी। वहां तक पहुंचने के लिये पैर को किसी न किसी तरह चलने के लायक बनाना ही था। बताइये वह शिकारी किन किन तरीकों से चल पायेगा।

३- एक हवाई जहाज में कोई खराबी हो जाने के कारण उसे जंगल मे उतरना पड़ा। हवाई अड्डे से सम्बन्ध टूट जाने के कारण जल्दी ही सहायता मिलना कठिन था। उसके पास जितना खाना था वह खत्म हो गया। जब तक यह लोग बचाव दल की नजर में न आ जायं तब तक आप बताइये वह लोग जीवित रहने के लिये क्या-क्या खा सकते हैं।

४- एक व्यक्ति बहुत पुरानी इमारत के खंडहरों में कुछ मूर्तियों को देख रहा था कि उसे ऊपर से किसी के चीखने की आवाज सुनाई दी । वह सीढ़ियों की तरफ भागा मगर सीढ़ियां बिल्कुल टूट चुकी थीं । चढ़ना असम्भव था । बताइये और कौन से तरीके है जिनसे वह ऊपर चढ़ सकता है ।

५- मान लीजिये कि आप एक ऐसे गांव में पहुंच गये है जहां कागज, कलम, स्याही इत्यादि नहीं मिलती । परन्तु आपने उस गांव में जो कुछ देखा उसे ब्यौरे से आप एक डायरी ( Diary ) में लिखना चाहते हैं । क्या क्या ऐसे तरीके होंगे जिनसे आप वह डायरी बनाकर लिख सकते हैं ?

६- एक दिन बहुत वर्षा होने से नदी में इतनी बाढ़ आ गई कि पुल भी डूब गया । एक व्यक्ति जो एक गांव से दूसरे गांव में जाना चाहता था, पुल को न पाकर परेशान हो उठा । तैरना नहीं जानता था । बताइये वह उसे कैसे पार कर पायेगा ?

७- एक चोर पाइप के सहारे ऊपर वाले स्नान घर की खिड़की तक पहुंचा और कूदने के लिए झांका तो देखा कि उसमें पानी भरा हुआ है । स्नान घर के दो दरवाजे है । एक कमरे की ओर खुलता है और दूसरा बरामदे की ओर । वह चोर चोरी करके भी भाग गया और उसने अपने पैरों के निशान भी नहीं छोड़े । बताइये ऐसे कौन कौन से तरीके संभव थे जिनसे उसे उक्त प्रकार से भागने में सफलता मिल सकी हो ।

८- एक लड़का सुबह देर से उठने की वजह से स्कूल की बस न पकड़ सका । बादल घने छाये हुये थे और किसी अन्य बस के मिलने की आशा भी कम होने की वजह से वह पैदल ही चल पड़ा । अभी आधा रास्ता भी तय नहीं हुआ था कि पानी बरसने लगा । वह सिर छिपाने के लिये एक घर की तरफ भागा, तो उसे याद आया कि स्कूल पहुंचना बहुत जरूरी है चूंकि कक्षा-अध्यापक ने एक समारोह के सम्बन्ध में उसे जरूरी बुलाया है । वर्षा बढ़ती ही जा रही थी । आप बताइये वह स्कूल कैसे पहुंचे ?

---०---

६- बहुत से मछुये मछली पकड़कर किनारे की तरफ आ रहे थे कि उनमें से एक बहुत जोर से चीखा । सबने पलटकर देखा कि आखिरी नाव के मछुये का पांव पानी में है और उसे कोई जानवर अपनी ओर खींच रहा है । पास वाली नाव का मछुआ अपनी नाव छोड़कर उसकी नाव में कूदा । आप बताइये कि वह मछुये का पैर उस जानवर से कैसे छुड़ा सकता है ?